आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 11.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य की भजन लाल शर्मा सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कल जिलों में प्रचार रथ भेजे जायेंगे–साथ ही जयपुर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव और आई स्टार्ट कार्यक्रम होगा।
- प्रदेश में पेपर लीक रोकने के लिये गठित एस.आई.टी के प्रयासों से 296 भर्ती पराक्षाएं बिना पेपर लीक के सम्पन्न हुईं।
- राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में एसआईआर का दूसरा चरण आज पूरा हुआ।
- आयुष मंत्रालय की ओर से दूसरा डब्ल्यू.एच.ओ. वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन 17 दिसम्बर से नई दिल्ली में होगा।

000

राज्य की भजन लाल शर्मा सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एनआरआई चैप्टर्स के साथ संवाद किया। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में कंपाला, टोक्यो, दोहा, म्यूनिख, न्यूयॉर्क, न्यूजीलैंड, जांबिया, घाना और नैरोबी से आये प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया। कल राज्य सरकार की ओर से जयपुर से जिलों में प्रचार रथों को भेजा जायेगा। कल ही जयपुर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव तथा आई स्टार्ट कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही राजस्थान वेन्चर कैपिटल फण्ड का शुभारंभ भी होगा।

इसी सिलसिले में कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'नवाचार दिवस–स्टार्टअप्स एक्सपो' का आयोजन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले नवाचार दिवस–स्टार्टअप्स एक्सपो में स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होगी। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आइस्टार्ट राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित स्टार्टअप्स को फंडिंग चैक दिये जाएंगे। साथ ही जनवरी, 2026 में आयोजित 'डिजिफेस्ट' के अंतर्गत होने वाली हैकाथॉन का भी शुभारंभ किया जाएगा।

000

एडीजी एटीएस और एसओजी विशाल बंसल ने कहा है कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुई है। यह जानकारी उन्होंने आज राज्य सरकार के कार्यकाल दो वर्ष पूरा होने के अवसर पर दी। श्री बंसल ने बताया कि पेपर लीक को रोकने के लिए बनी एसआईटी की सक्रियता से इस साल 6 नवंबर तक आरपीएससी, आरएसएसबी तथा अन्य संस्थानों द्वारा 296 परीक्षाएँ बिना किसी पेपरलीक के सम्पन्न हुईं। एसआईटी ने 138 प्रकरण दर्ज कर 394 आरोपियों को गिरफ्तार किया। दो वर्षों में 92 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्तियाँ दी गईं और 1 लाख 53 हज़ार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिससे परीक्षा प्रणाली में विश्वसनीयता बढ़ी है।

000

राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज से 15 दिन का सड़क सुरक्षा अभियान शुरू हुआ। कोटपूतली–बहरोड़, सवाईमाधोपुर, बारां और झुंझुनूं में अभियान के तहत अधिकारियों ने यातायात नियमों के पालन के लिये वाहन चालकों को फूल और चॉकलेट देकर जागरूक किया। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने के जोखिम बताए गए और सुरक्षित ड्राइविंग की अपील की गई। झुंझुनूं सदर थानाधिकारी मांगीलाल मीणा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन ही जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

.....................

उधर अजमेर में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इस बारे में जागरूकता कार्यक्रम करने को कहा है।

000

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाकर उपयोग करने से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में सात सौ 36 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है। श्री गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पर्यावरण अनुकूल ईंधन है और ये प्रदूषण कम करता है तथा किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है।

.........................

000

मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति सूर्यकांत ने न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई टूल्स को अपनाने, विकसित करने और लागू करने से संबंधित पहलों की निगरानी के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ए आई समिति का पुनर्गठन किया है। पुनर्गठित एआई समिति का उद्देश्य न्याय व्यवस्था में दक्षता, सुलभता और पारदर्शिता बढ़ाना है।

000

राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का दूसरा चरण आज सम्पन्न हो गया। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद आयोग ड्राफ्ट मतदाता सूचियां प्रकाशित करेगा। 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए ड्राफ्ट सूची इस महीने की 16 तारीख को जारी होगी। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार एसआईआर फेज़–टू की शुरुआत के बाद से 50 करोड़ 96 लाख से अधिक गणना प्रपत्र मतदाताओं में वितरित किए जा चुके हैं, जो कुल प्रपत्रों का 99 दशमलव 98 प्रतिशत है। इनमें से 99 दशमलव 59 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

000

राज्यसभा में राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा पर सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की आत्मा जागृत करने वाला मंत्र है और यह देश की संस्कृति के साथ जुड़ने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम सभी के लिए प्रेरणा का भावनात्मक स्रोत है और देश को एकता के साथ आगे बढ़ाने का मंत्र हैं। श्री नड्डा ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस राष्ट्रीय गीत ने सभी में ऊर्जा का संचार किया।

000

राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने उदयपुर संभाग में बड़ी सादड़ी से मावली तक ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का सर्वे कर उसे देबारी तक बढ़ाने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि मेवाड़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। मावली में पावर बदलने और लंबी दूरी के कारण समय अधिक लगता है। उन्होंने भटेवर–खेरोदा ओवरब्रिज से दरोली–डबोक होते हुए देबारी स्टेशन तक नई लाइन बिछाने का आग्रह किया, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सके।

000

आयुष मंत्रालय की ओर से 17–19 दिसम्बर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में दूसरा विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जयपुर के महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. बी. आर. मीणा ने बताया कि शिखर सम्मेलन पारंपरिक चिकित्सा के साध्य–आधारित एकीकरण को प्रोत्साहन देगा। उन्होंने बताया कि ये सम्मेलन वैज्ञानिक सत्यापन, डिजिटल स्वास्थ्य, जैव विविधता संरक्षण और पारंपरिक चिकित्सा में वैश्विक सहयोग पर केंद्रित होगा। 2023 में गुजरात में आयोजित पहले सफल आयोजन के बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दूसरे वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन की भारत मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा की यह शिखर सम्मेलन मानवता के स्वास्थ्य, खुशी और कल्याण के लिए पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के मामूहिक वैश्विक प्रयास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो भारत के "सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः" के दृ ष्टिकोण के अनुरूप है।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर टाइगर फेस्टिवल उदघाटन किया। चार दिवसीय 7वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल में कुल 53 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां राजस्थान के पांच प्रमुख टाइगर रिज़र्व के प्रतिनिधि, देश के सुप्रसिद्ध वाइल्डलाइफ

फोटोग्राफर्स द्वारा बाघों की 150 से ज्यादा तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अलावा टाइगर पेंटिंग और लाइव स्केचिंग, भारतीय डाक द्वारा पोस्ट–स्टाम्प संग्रह, पुराने सिक्कों का प्रदर्शन, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग जैसे कई आकर्षक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। फेस्टिवल न केवल कला, संगीत और लोक परंपरा का संगम है, बल्कि यहां बाघ संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन को सरल भाषा में समझाया जा रहा है। राजस्थान के अलग–अलग टाइगर रिज़र्व के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा कर रहे हैं और बाघों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

000

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत डीग जिले के 3000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में भी अटल ज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अभियान से मिलने वाली राशि से इन केंद्रों में आधारभूत सुविधाएँ, कंप्यूटर लैब और ई–लाइब्रेरी विकसित होगी। अटल ज्ञान केंद्र बनने से ग्रामीण युवाओं को गांव में ही शहर जैसी डिजिटल सुविधाएँ मिल सकेंगी। इससे सामान्य परिवेश के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाएंगे। इन केंद्रों में कॉमन सर्विस सेंटर भी होंगे, जहाँ सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। साथ ही अटल प्रेरक नियुक्त होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

000

जयपुर में कल संभाग स्तरीय 'वाटरशेड महोत्सव' का आयोजन होगा। संसदीय कार्य और विधि न्याय मंत्री जोगाराम पटेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत जयपुर संभाग की 29 परियोजनाओं के लाभार्थियों को योजना की जानकारी दी जाएगी। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और परियोजना क्षेत्रों के किसान भाग लेंगे।

000